तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **राजूराम बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार, लूणी)** सू.अ.अ. अपील संख्या : 94 / 2022	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
23.05.2022	अपीलार्थी राजूराम विश्नोई निवासी 564, मंगल नगर, गुड़ा विश्नोइयान, तहसील लूणी, जिला जोधपुर (राज.) ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 09.03.2022 में उसके द्वारा (1) तहसीलदार, लूणी को आवंटित वाहन की दिनांक 01.03.2022 से 09.03.2022 तक की वाहन लॉगबुक की प्रमाणित प्रति (2) दिनांक 01.03.2022 से 09.03.2022 तक कार्यालय द्वारा संधारित मूवमेंट रजिस्टर की प्रमाणित प्रति से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार, लूणी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार, लूणी) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना प्रार्थी को 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित [illegible] श सुनाया गया।	

Signature Not Verified

Digitally signed by Himanshu Gupta
Date: 2023.08.24 17:47:22 IST
Reason: SelfAttested